हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 जनवरी 2024

9 बिजली कर्मियों का धरना जारी, जमकर की नारेबाजी


10 सालों से निर्माणाधीन रेलवे अंडरब्रिज…


## खबर संक्षेप

### हाउसिंग बोर्ड फ्लैटों से बिजली के तार चोरी

**टोहाना।** चोरों ने टोहाना में हाउसिंग बोर्ड फ्लैटों से बिजली के तार चोरी कर लिए। पुलिस को दी शिकायत में जींद जिले के गांव जाजनवाला निवासी संदीप कुमार ने कहा है कि वह मार्बल सिटी टोहाना में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत है। अज्ञात चोर मार्बल सिटी में बने हाउसिंग बोर्ड के फ्लैटों में घुस गए और बिजली की तारें काटकर ले गए।

### दुकान में हुई चोरी के दो आरोपी दबोचे

**सिरसा।** ऐलनाबाद थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव मिठ्ठीसुरेरां स्थित एक परचून की दुकान से बीती 27 जनवरी की रात को हुई दो हजार रुपए की नकदी व चांदी की पाजेब चोरी के दोनों आरोपियों को पकड़ा है। ऐलनाबाद थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि पकड़े गए युवकों की पहचान कालूराम तथा बबलू निवासी गांव मिठ्ठीसुरेरां के रूप में हुई है।

### शिविर में 135 लोगों जांचा स्वास्थ्य

**सिरसा।** आईएमए के जिला प्रधान डॉ. दिनेश गिजवानी द्वारा गांव बाजेकां निःशुल्क हृदय, शुगर, अस्थमा जांच का मेडिकल कैंप लगाया गया जिसमें 135 लोगों की जांच की गई। इसमें 45 शुगर रोगी थे, जबकि 15 हृदय रोगों से ग्रसित पाए गए। इसके अलावा 75 रोगियों के पेट व सांस के रोगियों की जांच कर उचित परामर्श दिया गया।

### 72 बोतल अवैध शराब सहित चार आरोपी काबू

**सिरसा।** पुलिस ने महेंद्र सिंह निवासी थेहड़ी मोहर सिंह को घग्गर पुल कुताबढ़ क्षेत्र से 35 बोतल अवैध शराब के साथ, गांव फूलकां क्षेत्र से मुकेश कुमार को 16 बोतल देसी शराब के साथ, तरसेम सिंह निवासी पक्कां शहीदा को 11 बोतल अवैध शराब सहित थाना के गांव फग्गू क्षेत्र से काबू कर लिया है। पुलिस ने बिट्टू निवासी पंजुआना को 10 बोतल देसी शराब के साथ उसी के गांव से काबू किया।

### बोलेरो और बाइक की टक्कर में एक घायल

**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में गांव अहरवां निवासी दुलाराम ने कहा है कि गत दिवस सुबह वह बाइक से सरदूलगढ़ जा रहा था। फुलां रोड पर गांव की ओर से आ रही एक बोलेरो चालक ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया।

### छात्राओं ने उत्तीर्ण की नेट परीक्षा

**रतिया।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि एमए हिन्दी प्रथम बैच 2021-23 की तीन छात्राओं सुमिता रानी, बिन्द्र कौर और मनप्रीत कौर ने यूजीसी द्वारा आयोजित दिसंबर 2023 परीक्षा में नेट परीक्षा पास की है। डॉ सैन कुमार ने भी छात्राओं को बधाई दी।

### प्राथमिक पाठशाला में बच्चों को जूते बांटे

**रतिया।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला चिम्मो में सरदार लखबीर सिंह ने बच्चों को जूते वितरित किए। अध्यापक प्रदीप कुमार ने बताया कि सरदार लखबीर सिंह के द्वारा गत वर्ष बच्चों को स्कूल ड्रेस भी उपलब्ध करवाई गई थी। पाठशाला में बच्चों के पीने के पानी की व्यवस्था के लिए पाठशाला में टंकी का निर्माण करवाया गया है। इस अवसर पर मुख्य अध्यापक राम सिंह ने सरदार लखबीर सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा समय-समय पर बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाई जाती है। उन्होंने बताया कि पाठशाला में कोई भी कार्यक्रम होता है तो उनके द्वारा बच्चों को ही नहीं सभी को प्रोत्साहित किया जाता है। हम पाठशाला की ओर से उनका तहे दिल से धन्यवाद दिया।

## हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी, जनता की मर्जी के होंगे काम :सैलजा

# राम पहले भी हमारे थे और हमारे ही रहेंगे भाजपा के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं



फतेहाबाद। किरढान में ऐतिहासिक जनसभा को संबोधित करतीं कुमारी सैलजा व किरण चौधरी। फोटो : हरिभूमि



फतेहाबाद। जनसभा में कुमारी सैलजा को स्मृति चिन्ह भेंट करते पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया। फोटो : हरिभूमि



फतेहाबाद। किरढान में ऐतिहासिक जनसभा पर बलवान सिंह दौलतपुरिया की पीठ थपथपाते कुमारी सैलजा व किरण चौधरी।

- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव व उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने गांव किरढान में एक जनसभा को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि झूठ और जुमलों पर आधारित गठबंधन सरकार की विदाई का समय आ गया है। कांग्रेस संदेश यात्रा के बाद प्रदेश में बदलाव आएगा, कांग्रेस की सरकार बनेगी फिर जनता की मर्जी के सारे काम होंगे क्योंकि इस सरकार के कार्यकाल में जो भी अपने हक के लिए आवाज उठाता है उस पर लाठियां बरसाकर उसे लहुलुहान कर दिया जाता है। आज भाजपा राम का नाम लेकर फिर जनता को गुमराह करना चाहती है, इनके बहकावे में नहीं आना है। राम पहले भी हमारे थे और हमारे ही रहेंगे, राम का नाम लेने के लिए भाजपा के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं हैं।

वे सोमवार को जिला के गांव किरढान में एक जनसभा को संबोधित कर रही थी। यहां पहुंचने पर कार्यक्रम के संयोजक पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने उनका जोरदार स्वागत किया। पुष्पवर्षा को लेकर यहां जेसीबी मशीने लगाई गई थी। सैलजा ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से जनता तक राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खडगे का संदेश पहुंचाना है। कांग्रेस के प्रति जनता का लगाव देखने को मिल रहा है। उनके राजनीतिक जीवन की शुरूआत भी सिरसा लोकसभा क्षेत्र से हुई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों और मजदूरों के साथ विश्वासघात और मजाक कर रही है। बेरोजगारी के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं, प्रदेश के हालात बद से बदतर हो गए है।

कुमारी सैलजा ने फतेहाबाद के बारे में कहा कि यहां नगरपरिषद का गठन हुए डेढ साल बीत गए लेकिन एक ईंट तक नहीं लगी। 10 साल से एनपीसीआईएल के प्लांट का काम वहीं का वहीं रूका हुआ है। मेडिकल कॉलेज फतेहाबाद से शिफ्ट कर दिया गया। सरकार आने पर फतेहाबाद के रूके पड़े विकास को तेज किया जाएगा।

पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने कहा कि हम एकता के साथ संघर्ष करेंगे। कुमारी सैलजा ने जो वायदा किया है वह हमेशा पूरा करती है बड़ी नेता है और हम मिलकर हरियाणा की प्रगति में मजबूत भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कुमारी सैलजा ने कहा कि इस बार कांग्रेस का साथ दें, तो आने वाला समय न्याय का होगा, 36 बिरादरी का होगा, आपका सभी का होगा। जनता जो सपना देख रही है उसे हम और आप मिलकर पूरा कर सकते हैं। इस मौक पर हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुज्जर, विधायक रेणुबाला, पूर्व मंत्री अत्तर सिंह सैनी, पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोडी, पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, पूर्व विधायक रणधीर सिंह धीरा, ब्लाक समिति भट्टू के पूर्व चेयरमैन नवनीत गोदारा, सहित अनेक कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

### सैलजा ने कहा : जनसभा कमाल है

पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया की ओर से कांग्रेस जनसंदेश यात्रा के तहत गांव किरढ़ान में हलका स्तरीय जनसभा का आयोजन किया गया था। इस जनसभा में बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही अपने नेताओं के विचार सुनने के लिए उत्साहित नजर आए। महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण रही। बलवान सिंह दौलतपुरिया जैसे ही अपना भाषण खत्म करके अपनी सीट पर आए तो सैलजा और किरण चौधरी ने उनकी पीठ थपथपाकर उन्हें बधाई दी। सैलजा का कहना था कि जनसभा नहीं कमाल है। दरअसल, ग्रामीण स्तर की यह सभा अपने आप में बड़ी सभा थी।

### सुत आ गई तो सारी कसर निकाल दूंगा

बलवान सिंह दौलतपुरिया ने अपने भाषण में ग्रामीणों का धन्यवाद करते हुए खासकर किरढान गांव के लोगों के बारे में कहा कि वह उनके ऋणी रहेंगे और 'उनके सुत आ गई तो सारी कसर निकाल दूंगा।' इस पर किरण चौधरी ने अपने भाषण में कहा कि बलवान सुत तो तेरे आ गई। किरढाणवासियों का अहसान न भूलियो।



फतेहाबाद। एडीआर सेंटर में आयोजित ग्रासरूट कैंप को संबोधित करते पैनल अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

## पैनल अधिवक्ताओं ने नालसा व हालसा के बारे में किया जागरूक

फतेहाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से स्थानीय एडीआर सेंटर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के चेयरमैन डीआर चालिया के आदेशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण की सचिव समप्रीत कौर के मार्गदर्शन में ग्रास रूट कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में पैनल अधिवक्ता ईश्वरदास व कमलेश कुमारी वशिष्ठ ने स्वास्थ्य विभाग से आई हुई आशा वर्कर्स को नालसा व हालसा द्वारा संचालित विभिन्न स्कीमों के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान पैनल अधिवक्ता ईश्वरदास ने लीगल एड के बारे में अवगत करवाते हुए कहा कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न स्कीमों जैसे विक्टिम कंपनसेशन स्कीम, मध्यस्थता केंद्र के अंदर फ्री कानूनी सहायता, गरीब लोगों के लिए केस लड़ने, सजायाफ्ता कैदी व रिमांड अवधि के दौरान अपराधी को फ्री वकील की सुविधा से अवगत करवाया। अधिवक्ता कमलेश कुमारी वशिष्ठ में कहा कि हालसा व नालसा द्वारा संचालित विभिन्न स्कीम जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सुचारू रूप से संचालित है। उन्होंने आशा वर्कर से आह्वान किया कि वे हालसा व नालसा द्वारा संचालित विभिन्न स्कीमों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें और अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## कामगार महिलाओं को मिलेगी सहायता

**फतेहाबाद।** प्रदेश सरकार ने कामगार महिलाओं को सुविधा प्रदान करने का अहम कदम उठाया है। अब कामगार महिलाओं को दूसरा बच्चा लड़का होने पर भी प्रदेश सरकार की योजना के तहत पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भावस्था में मजदूरी के दौरान नुकसान की भरपाई व स्तनपान कराने वाली महिलाओं में पोषण सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना शुरू की है। इस योजना के तहत 8 मार्च, 2023 के बाद दूसरे बच्चे के रूप में लड़के को जन्म देने वाली अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकेंगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। अब 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग महिलाओं सहित मनरेगा जॉब कार्ड, ई-श्रम कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और किसान सम्मान निधि की लाभार्थी महिलाएं भी इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगी।

# रामोत्सव रिपोर्टिंग प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

विश्व संवाद केंद्र हरियाणा द्वारा अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 21-22 जनवरी को सिरसा में हुए विभिन्न धार्मिक आयोजनों तथा अनुष्ठानों की रामोत्सव रिपोर्टिंग प्रतियोगिता के परिणामों की सोमवार को घोषणा की गई और विजेताओं को पुरस्कृत करने के लिए चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के सीवी रमन भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल कांट्रेक्टर कृष्ण अग्रवाल ने की। मंच संचालन पीयूष ने किया, जबकि परिणामों की घोषणा सीए कमल कुमार ने की। जिला प्रचारक कमल ने बताया कि पांचों श्रेणियों सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफर, सर्वश्रेष्ठ विडियो मेकिंग-एक मिनट, सर्वश्रेष्ठ न्यूज पेपर रिपोर्ट 150 से 200 शब्द, सर्वश्रेष्ठ न्यूज रिपोर्टिंग/बलॉगिंग 3-5 मिनट, सर्वश्रेष्ठ सोशल मीडिया पोस्ट में तीन-तीन प्रतिभागी चयनित किए गए। विजेताओं को पुनीत छाबड़ा, मैक्सस प्लाजा, जीरकपुर के सौजन्य से प्रथम को 1100 रुपए, द्वितीय को 750 रुपए और तीसरे स्थान पर रहने वाले को 500 रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग विषय पर गोष्ठी में डॉ. अमित सांगवान ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की और अपने विचार रखे।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में सोशल मीडिया कई व्यवसायियों के लिए व्यवसाय के एक अच्छे साधन के रूप में कार्य कर रहा है। वर्तमान में आम नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाने के लिये सोशल मीडिया का प्रयोग काफी व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। जिला प्रचार प्रमुख पविकांत ने सभी का धन्यवाद किया।



सिरसा। विजेताओं को सम्मानित करते हुए अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

# वाहन चलाते समय बरतें सावधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सड़क सुरक्षा माह 2024 अभियान के अंतर्गत सीएमके नेशनल महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग के फाइन आर्ट्स क्लब तथा इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा संबंधी पोस्टर मेकिंग तथा जागरूकता रैली आयोजित की गई। रैली को प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन हर जिम्मेदार नागरिक को करना चाहिए ताकि हम और हमारा समाज सभी सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि समाचार पत्र, टीवी में हर दिन सड़क दुर्घटनाओं की खबरें आती रहती हैं। इसलिए सड़क पर वाहन चलाते समय सावधानी सिर्फ हमारी ही नहीं बल्कि अन्य लोगों की भी जान बचा सकती है। इस जागरूकता अभियान की संयोजिका डॉ. अनु कथूरिया व सहसंयोजिका डॉ. मंजू देवी ने भी मोटर वाहन अधिनियम की जानकारी प्रदान की। छात्र-छात्राएं स्लोगन, नारे व पोस्टरों के माध्यम से जागरूक करते चल रहे थे।



सिरसा। जागरुकता रैली निकालते छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# जजपा ने गांवों में की नुक्कड़ सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जजपा आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों को लेकर पूरी तरह तैयार है। फतेहाबाद से पार्टी द्वारा ऐसे चेहरे को मैदान में उतारा जाएगा, जोकि सभी लोगों की पसंद होगा और यहां की जनता उसे अपना जनप्रतिनिधि चुनकर विधानसभा में भेजेगी। वे सोमवार को फतेहाबाद जिले के अनेक गांवों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर रहे थे। सोमवार का दिन जननायक जनता पार्टी के लिए बड़ी सफलता का दिन रहा। जेजेपी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने जिला फतेहाबाद के 8 गांव में तूफानी दौरा कर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। दिग्विजय चौटाला ने लोगों के बीच जाकर उनका कुशलक्षेम पूछा वहीं बुजुगार्ें से आशीर्वाद लिया। मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कुलजीत कुलड़िया, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र लेगा, जिला अध्यक्ष रविन्द्र बैनीवाल सहित पार्टी के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे।



फतेहाबाद। गांव ढाणी ठोबा में क्रिकेट खिलाड़ियों को किट वितरित करते जजपा के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला। फोटो : हरिभूमि

# अधिकारी क्षेत्रों में करें स्वच्छता का निरीक्षण : सांसद

**सिरसा।** सांसद सुनीता दुग्गल ने सोमवार को स्थानीय पंचायत भवन में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक ली और अधिकारियों को योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान दिए। इस अवसर पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सांसद ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्त्रमों व विकसित भारत यात्रा के दौरान आई जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण करना सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित शिकायतों की निपटान रिपोर्ट भिजवाएं। आमजन को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी अधिक से अधिक जागरूक करें ताकि वे उनका लाभ उठा सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमागार्ें पर लाइट सुविधा सुचारू रूप से जारी रहनी चाहिए। रात के समय राष्ट्रीय राजमागार्ें पर लाइट सुविधा न होने से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, इसलिए यदि कहीं भी कोई समस्या सामने आती है तो उसका संबंधित विभाग आपसी तालमेल से समाधान करें। सांसद ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत डबवाली रेलवे स्टेशन के कार्य की समीक्षा की, जिस पर संबंधित अधिकारी ने बताया कि डबवाली रेलवे स्टेशन का 45 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, शेष कार्य प्रगति पर है। सांसद ने कहा कि स्वच्छता बेहद अहम मुद्दा है, इसलिए शहरी व ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। संबंधित नगर परिषद व नगर पालिका के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता का निरीक्षण करें।



सिरसा। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक लेती सांसद सुनीता दुग्गल। फोटो : हरिभूमि

## आईटी, कृषि एवं जैव विज्ञान में करियर को लेकर दिया मार्गदर्शन

# पीएम जेएनवी खारा खेड़ी में व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में केरियर परामर्श एवं मार्गदर्शन के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित किए गए। इस दौरान विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आईटी क्षेत्र व कृषि विज्ञान एवं जैव विज्ञान तकनीक में केरियर बनाने के लिए जागरूक किया। केरियर परामर्श में विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार के प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं को बढ़ाया।

विद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया कि परामर्श एवं मार्गदर्शन स्तर के लिए प्रथम चरण में साइबर सिक्योरिटी के विशेषज्ञ नरेश दलाल ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए विभिन प्रकार के केरियर विशेष रूप से आईटी क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारियां प्रदान की। उन्होंने बच्चों को बताया कि यदि वे विदेशों में नौकरियां करना चाहते हैं तो उन्हें क्या करना होगा। अपने व्याख्यान में उन्होंने उद्यमी कैसे बने तथा उद्यमी बनने के लिए क्या-क्या करना चाहिए आदि बातों पर विस्तृत चर्चा की। नरेश दलाल लगभग 25 साल अपनी सेवाएं संयुक्त राज्य अमेरिका व यूरोपीय देशों में दे चुके हैं तथा वर्तमान में किडल कम्पनी में सह निदेशक पद पर कार्यरत है। द्वितीय चरण में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में कार्यरत डॉ. राकेश सहरावत ने छात्रों को कृषि विज्ञान एवं जैव विज्ञान तकनीक में केरियर बनाने के विषय पर जागरूक करते हुए इससे संबंधित जानकारियां बताई। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि आने वाले समय में जरूरत है कि हम नौकरी मांगने वाले बनने की बजाय नौकरी देने वाले बने। डॉ. राकेश सहरावत विभिन्न प्रकार के अनुसंधान कार्यों के लिए अनेक देशों का भ्रमण कर चुके हैं।




फतेहाबाद। करियर परामर्श एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते विषय विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

# छात्रों को शिक्षा व रोजगार संबंधी दिया मार्गदर्शन



**फतेहाबाद।** व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के प्रथम दिन जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने सन्यास आश्रम रोड स्थित शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को शिक्षा व रोजगार संबंधी मार्गदर्शन किया। इसमें स्कूल की दसवीं व 12वीं कक्षा में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को व्यवसाय व प्रशिक्षण सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को उनके कैरियर से संबंधित और व्यवसायिक मार्गदर्शन दिया गया। विद्यार्थी 10वीं व 12वीं कक्षा के पश्चात इस मार्गदर्शन को अपनाकर करियर बढ़ोतरी अवसर में भाग ले सकते हैं। प्रिंसिपल सुभाष शर्मा ने जिला रोजगार विभाग द्वारा दिए गए मार्गदर्शन पर आभार व्यक्त किया और विभाग के अधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान स्कूल के सभी स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

हरिभूमि सहेली



महिलाएं जॉब वर्ल्ड में आ जरूर रही हैं, लेकिन वे अक्सर अबला होने की मानसिकता से घिरी रहती हैं, यह मानसिकता उनकी तरक्की के मार्ग में बाधक है। आपको अगर सक्सेसफुल प्रोफेशनल बनना है, तो अबला होने की मानसिकता से उबरना होगा। पूरे कॉन्फिडेंस के साथ बहुत ही समझदारी से अपनी सभी जिम्मेदारियां निभानी होंगी, तभी आप सक्सेसफुल कहलाएंगी।

# प्रोफेशनल फील्ड में ऐसे जमाएं अपनी धाक

कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

इसमें कोई दो राय नहीं कि पुरुषों की तुलना में वर्किंग वूमेन के सामने ज्यादा चैलेंजेस होते हैं। उनकी तरक्की की राह में बार-बार रोड़े अटकाए जाते हैं। परिवार के सदस्य भी उनसे असंतुष्ट रहते हैं। घर में कभी पति, कभी सास और ऑफिस में कभी बॉस या कभी कुलीग्स उन पर तंज कसते रहते हैं। कई लोग तो महिलाओं की कामयाबी के पीछे हमेशा कोई गलत एंगल तलाशते हैं। कई बार महिलाएं इन बातों से घबरा जाती हैं। अपने करियर को बीच में ही रोक कर घर बैठ जाती हैं, वहीं कुछ महिलाएं इन अड़चनों का साहस के साथ सामना करती हैं, वर्किंग वूमेन के रूप में अपने आपको साबित करती हैं। अगर आप भी वर्किंग वूमेन हैं तो अपनी तरक्की की राह में रोड़ा बनी मुसीबतों को दूर करके सफलता के शिखर पर पहुंच सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों को अमल में लाना होगा। इन्हें अपनी काबिलियत बनाना होगा।

**बोल्ड, फ्रेंक एंड फेयर स्पीकर बनें :** किसी भी वर्किंग वूमेन में अगर ज्यादा लचीलापन दिखेगा या वह संकोचवश चुप रहेगी, तो लोग इसका गलत अर्थ निकालेंगे, उसकी चुप्पी का फायदा भी उठाएंगे। चाहे मामला सैलरी के निगोसिएशन का हो या मीटिंग रूम में किसी टीम मेंबर या टीम लीडर के रूप में हो, आप जब दृढ़ता-स्पष्टता से बोलेंगी, तभी लोग आपको गंभीरता से लेंगे। आप अगर टीम लीडर हैं, आपकी टीम का कोई मेंबर ढंग से काम नहीं कर रहा है, तो उसे स्पष्ट बता दें कि उसके काम का यह तरीका सही नहीं है, यदि वह रिजल्ट नहीं देगा तो आप सहन नहीं करेंगी।



**अपना एटिट्यूड रखें प्रोफेशनल :** आपको सफल होना है तो बार-बार महिला होने का रोना, उसका फायदा उठाने की आदत छोड़नी होगी। कई महिलाएं अक्सर ऑफिस देर से पहुंचती हैं, घर के काम की मजबूरी का बहाना बनाती हैं। यह गलत रवैया है। यदि ऑफिस में रेपुटेशन बनानी है, सफल होना है तो प्रोफेशनल एटीट्यूड रखें। हर रोज ऑफिस, मीटिंग या किसी भी अन्य काम के लिए सही समय से पहुंचें और पूरी शिद्दत से काम करें। डेडलाइंस को उतनी ही सीरियसली लें, जितना सीरियसली आप ट्रेन छूटने के टाइम को लेती हैं। यह भी जान लें, लोगों के सहयोग के बिना आगे बढ़ना मुश्किल है। सहयोगियों को आपके द्वारा सराहे जाने और फ्रेंडली पेश आने के तीन फायदे हैं- पहला लोग आपकी लेग पुलिंग नहीं करेंगे, दूसरा-आप द्वारा दिए गए काम को लोग पूरी जिम्मेदारी और मेहनत के साथ करेंगे, क्योंकि उन्हें पता है कि सफलता का क्रेडिट आप सबको देने वाली हैं, तीसरा बॉस की नजर में आपकी अहमियत बढ़ जाएगी, वे आपको एक कामयाब प्रोफेशनल वूमेन मानेंगे।



## अपने टैलेंट की करें पब्लिसिटी

**जब तक** आप अपनी प्रतिभा, कौशल और उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताएंगी नहीं, उन्हें कैसे पता चलेगा कि आपमें भी कुछ 'दम' है। ऑफिस में जब भी कुछ उल्लेखनीय करती हैं तो अपने बॉस और कुलीग्स को जरूर बताएं। आपने कोई डिप्लोमा-डिग्री ली है, कहीं सम्मानित की गई हैं, किसी बड़े क्लाइंट से ऑर्डर हासिल किया है, कोई प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूरा किया है, तो बातों ही बातों में इसका जिक्र सबके सामने करें ताकि लोग आपकी इंपॉर्टेंस समझें, आपको गंभीरता से लें। चुपचाप काम करते रहने वाली महिलाओं की कोई कद्र नहीं होती, लोग उन्हें 'अंडरएस्टीमेट' करते हैं, इतना ही नहीं 'टेक इट फॉर ग्रांटेड' भी लेते हैं।

**अगर लेना हो प्रेग्नेंसी या सिकनेस ब्रेक :** कई बार प्रेग्नेंसी, किसी गंभीर बीमारी या पारिवारिक दायित्व की वजह से महिलाओं को लंबी छुट्टी या जॉब से ब्रेक लेना पड़ता है। लेकिन ध्यान रहे, यह ब्रेक आपके करियर की राह को ना तोड़े। ब्रेक के दौरान अपने आपको अपडेट करती रहें। ऑफिस कुलीग्स से फोन, ई-मेल या सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से जुड़ी रहें ताकि आप वर्किंग वर्ल्ड से पूरी तरह अलग ना हो जाएं। ब्रेक के बाद खुद को मानसिक-शारीरिक रूप से तैयार करें और फिर से काम करने के लिए मैदान में आ जाएं। अगर पिछली नौकरी छूट भी गई है, तो आपको दोबारा मिल सकती है। अच्छे व्यवहार, मेहनती और डिवोटेड वर्कर की अपनी इमेज के बूते आपके लिए दोबारा नौकरी हासिल करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा।

## सही ढंग से करें मैनेज

**वर्किंग वूमेन** की सबसे बड़ी प्रॉब्लम होती है टाइम की कमी, क्योंकि उन्हें दोहरी जिम्मेदारी संभालनी पड़ती है। इसलिए वर्किंग वूमेन के रोल में आप इस तरह मैनेज करें-

- कुछ समय अपने लिए जरूर बचाएं। परिवार के लोगों में काम बांटकर अपने काम का बोझ कम करें। पति और बच्चों के साथ-साथ दूसरे लोगों से छोटे-मोटे काम करवाने की आदत बनाएं।
- घरेलू नौकर, मेड आदि कुछ रुपयों के बदले कई छोटे-मोटे काम कर देते हैं, इससे काफी समय बच जाता है।
- टेलीफोन, बिजली, इंश्योरेंस जैसे रेग्युलर बिल ऑनलाइन पेमेंट करें। इससे आपका काफी समय बचेगा।
- ऑफिस आने-जाने में काफी समय लगता हो तो बस, कैब या ट्रेन में मोबाइल या टैब से मेल चेक करें, उनका जवाब दें, जरूरी कॉल करें, जरूरी कामों की लिस्ट बनाएं और दिनभर के कामों की प्लानिंग करें। इस तरह आप समय का सदुपयोग कर लेंगी।
- शॉपिंग के लिए बाजार में घंटों भटक कर समय बर्बाद करने की बजाय ऑनलाइन शॉपिंग की आदत डालें। आपको घर बैठे-बैठे कई अच्छे ऑप्शन मिलेंगे।

## घर के बड़े-बड़े काम बना देती है
# महिलाओं की छोटी-छोटी बचत



घरेलू वित्तीय प्रबंध में महिलाओं की बचत समय-समय पर बहुत ज्यादा मददगार साबित होती है। महिलाएं इस बचत को व्यवस्थित ढंग से करें, तो उनकी बचत और ज्यादा उपयोगी होगी, घर का वित्तीय आधार मजबूत होगा, परिवार में सुख-समृद्धि आएगी। आपके लिए एक जरूरी सलाह।

मनी मैनेजमेंट / नम्रता नदीम

भारतीय गृहिणियों को उनके पति कितने भी कम पैसे दें, लेकिन वो कुछ ना कुछ जरूर बचा लेती हैं। चुपके से उनके द्वारा कुछ ना कुछ बचा ली गई यह रकम कई बार ऐसे बड़े-बड़े काम बना देती है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए पुरुषों को बचत का महत्व और गुर महिलाओं से सीखना चाहिए।

**तरीका बहुत अनौपचारिक :** भारतीय महिलाएं, दस-दस, बीस-बीस रुपए जोड़कर भी हजारों रुपए इकट्ठा कर लेती हैं फिर उनसे घर की कोई ऐसी चीज खरीद ली जाती है, जिसे एकमुश्त खरीदने में अच्छी-खासी रकम की जरूरत होती है। दरअसल, कोई भी महिला खासतौर पर गृहिणी अपना कोई भी बजट अपने पास मौजूद रकम को देखकर ही बनाती है। महिलाओं के बचत करने का तरीका भी बहुत अनौपचारिक और बिल्कुल भी दबाव या बोझ से मुक्त होता है। मसलन, वे दस-बीस रुपए भी रसोई के किसी डिब्बे में चुपचाप डाल देती हैं। एक दिन जब किसी चीज की बहुत जरूरत होती है, तो उस समय वह बचाई राशि बहुत काम आती है।

**पूरे करती हैं बड़े-बड़े सपने :** वित्तीय योजनाकारों का मानना है कि अगर महिलाओं को थोड़ी सी फाइनेंस प्लानिंग अच्छे से समझा दी जाए तो वे अपनी छोटी-छोटी बचतों से बड़े-बड़े सपने पूरे कर लेती हैं। हालांकि महिलाओं की बचत का यूं तो कोई अलग से आंकड़ा नहीं है, लेकिन माना जाता है कि भारत में जो नियमित घरेलू बचत होती है, उसमें करीब 60 फीसदी से ज्यादा बचत महिलाओं के जरिए या उनके प्रयास से होती है। इस बजट में भी 20 से 25 फीसदी बचत गुप्त बचत के रूप में होती है, जिसका पहले से घर के मुखिया को या घर के आर्थिक बजट को संभालने वाले को पता नहीं होता। ऐन वक्त पर महिलाओं की यह बचत एक बड़ी राहत के रूप में सामने आती है। यही नहीं जब महिलाएं व्यवस्थित ढंग से छोटी वित्तीय योजनाओं में निवेश करती हैं, तो वहां भी कमाल कर देती हैं।

**सुधारें अपनी शॉपिंग हैबिट्स :** पूरी बचत नियंत्रण प्रक्रिया में एक नियंत्रण जो आसानी से हमारी बचत प्रक्रिया को मजबूत करता है, वह है हमारी शॉपिंग हैबिट्स, जिसमें अक्सर महिलाएं कमजोर साबित होती हैं। असल में उपभोक्ता बाजार ऐसे हथकंडे अपनाता है कि आप बिना जरूरत की भी शॉपिंग करती हैं। इसलिए जिस चीज की जरूरत ना हो, उसे कभी ना खरीदें। क्योंकि यह खरीदना आपकी समझदारी नहीं बल्कि बाजार की आपको फंसाने की सोची-समझी चाल होती है। इससे बचने का एक सीधा तरीका यह है कि जब शॉपिंग करने जाएं तो घर से ही एक लिस्ट बना लें और दृढ़ता के साथ उस लिस्ट के मुताबिक ही शॉपिंग करें। सेल्समैन के बहकावे पर कुछ ना खरीदें। फिर चाहे वह चीज कितनी ही सस्ती क्यों ना हो। अगर इन कुछ उपायों को अपनाएंगी तो आप भी ना केवल एक बेहतरीन होम मैनेजर बन सकेंगी बल्कि उम्मीद से भी कहीं ज्यादा बचत भी कर सकेंगी, जो आपके आड़े वक्त में सबसे बड़ी मददगार साबित होगी।



## ऐसे करें बचत

- सबसे पहले अपने खर्चों की एक डायरी बना लें, जिसमें नियमित रूप से सारे खर्च दर्ज करें।
- उन छोटे-छोटे खर्चों पर विशेष नजर रखें, जो पहले से तय नहीं होते, लेकिन करीब-करीब हर महीने होते हैं।
- एक-दो महीने नहीं लेकिन अगर आप कम से कम चार-पांच महीनों तक अपने खर्चों पर नजर रखती हैं तो आसानी से जान लेती हैं कि खर्चों में कौन से गैरजरूरी खर्चे हैं, जिन्हें काटा जा सकता है।
- बचत और खर्च के बीच संतुलन बनाए रखें, वर्ना आपका बजट बिगड़ते देर नहीं लगेगी।

एडवाइस / अंजू जैन

# जब अनजान लोगों के बीच आप फील करें ऑकवर्ड

अक्सर कुछ लोग ऐसे फंक्शंस या पार्टी में जाने से बचते हैं, जहां लोग उनके परिचित नहीं होते। ऐसी जगह पर उन्हें अनजान लोगों के बीच ऑकवर्ड फील होता है। ऐसे में कुछ बातों का ध्यान रखें तो यह असहजता आप नहीं महसूस करेंगी।

**कॉन्फिडेंट रहें :** ऐसी जगह जहां कोई पूर्व परिचित ना हो, शुरू-शुरू में आप थोड़ा सा अनकंफरटेबल फील कर सकती हैं। लेकिन कॉन्फिडेंस बनाए रखें। जरा भी घबराएं नहीं।

**माहौल को जानें-समझें :** सबसे पहले अपने आस-पास खड़े लोगों की जानें-समझें, उनमें परस्पर चल रही बातचीत के विषय पर ध्यान दें। अगर तीन-चार लोग झुंड बनाकर खड़े हैं, कोई बात कर रहे हैं तो आप भी उनकी गपशप में शामिल हो जाएं। एक बार बात शुरू होगी तो लोग आपसे जुड़ते चले जाएंगे और आपका समय आराम से बीत जाएगा।



**ड्रेस का सेलेक्शन सही करें :** किसी भी पार्टी या सार्वजनिक समारोह में जाएं तो संवर कर जाएं। ड्रेस के सेलेक्शन से लेकर हेयरस्टाइल, चेहरे के ग्लो, फुटवियर, बेल्ट सब कुछ आकर्षक और ट्रेंड के अनुसार हो, इस बात का विशेष ध्यान रखें। आपका लुक लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करने वाला होना चाहिए, फर्स्ट इंप्रेशन आपके गेटअप से ही बनता है।

## किसी अकेले को ढूंढ़ लें

**अगर आप** किसी ऑकेजन में अकेली हैं तो चारों तरफ नजर दौड़ाएं। कहीं ना कहीं कोई आपको आप जैसा ही अकेला नजर आ जाएगा। आगे बढ़कर उसके पास जाएं और किसी भी टॉपिक पर बातचीत शुरू कर दें। पहला वाक्य यह भी हो सकता है, 'आप भी अकेली आई हैं क्या? मैं तो सिर्फ होस्ट को जानती हूं।' इससे आपकी उससे बातचीत शुरू हो जाएगी।

**हेल्प ऑफर करें :** आप सिर्फ होस्ट को जानती हों या अपनी फैमिली को रिप्रेजेंट कर रही हैं तो उनके पास जाएं। नमस्कार करें, बधाई दें और पूछें कि आप उनकी क्या मदद कर सकती हैं? इससे अटेंडेंस तो नोट होगी ही, हो सकता है वे आपको कोई काम देकर बिजी भी कर दें। अगर काम ना भी बताया तो आपकी पर्सनालिटी का अच्छा इंप्रेशन उन पर पड़ेगा।

**पार्टी को एंज्वॉय करें :** किसी कोने में अलग-थलग खड़े रहने या गुमसुम किसी कुर्सी पर बैठ जाने की बजाय गैदरिंग के माहौल को एंज्वॉय करें। खान-पान, म्यूजिक, गॉसिप आदि में इंवॉल्व हों।

अवेयरनेस / रजनी अरोड़ा

स्पेशल: 4 फरवरी, वर्ल्ड कैंसर-डे

## सही लाइफस्टाइल-प्रॉपर चेकअप
# कैंसर से संभव है बचाव

आजकल भारतीय महिलाओं में कैंसर के मामले जिस तेजी से बढ़ रहे हैं, वो चिंताजनक है। पहले यह बीमारी अधिकतर बड़ी उम्र की महिलाओं में देखने को मिलती थी, लेकिन आजकल 50 साल से कम आयु की महिलाएं भी इसकी शिकार हो रही हैं। आंकड़ों के मुताबिक हमारे देश में हर साल 5 लाख से ज्यादा महिलाएं कैंसर की चपेट में आती हैं, जिनमें से तकरीबन 3 लाख अपनी जान गंवा देती हैं।

**क्या है वजहें:**अव्यवस्थित और आरामतलब जीवनशैली, अनहेल्दी फूड हैबिट्स, मोटापा, आनुवांशिकता, असुरक्षित यौन संबंध, गर्भनिरोधक गोलियों का अत्यधिक प्रयोग, पर्सनल हाइजीन का ध्यान ना रखना, हार्मोन संबंधी असंतुलन, एल्कोहल-स्मोकिंग का बढ़ता चलन, देर से शादी और प्रेगनेंसी, शिशु को स्तनपान ना करवाना और सुंदर दिखने के लिए हार्मोन थेरेपी का उपयोग आदि इसके प्रमुख कारण हैं। इनके अलावा सही समय पर स्क्रीनिंग और अर्ली स्टेज में डायग्नोज ना हो पाना भी महिलाओं में बढ़ते कैंसर का एक बड़ा ।कारण है।

**प्रमुख प्रकार और लक्षण :** महिलाओं में ब्रेस्ट, सर्वाइकल, ओवेरियन, एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर अधिक देखने को मिलते हैं। इनके लक्षण इस प्रकार हैं-



**सर्वाइकल कैंसर :** पीरियड्स ज्यादा होना, पीरियड्स के बीच में ब्लीडिंग, सेक्स के बाद ब्लीडिंग, सफेद बदबूदार पानी ज्यादा आना, पेट के निचले हिस्से और वेजाइना में दर्द आदि।

**ब्रेस्ट कैंसर :** ब्रेस्ट या आर्मपिट्स में कोई दर्दरहित गांठ, स्किन में खिंचाव या किसी तरह का बदलाव होना, ब्रेस्ट की स्किन सख्त होना, लालिमा, सूजन होना, निप्पल से सफेद रंग के द्रव का स्राव आदि।

**ओवेरियन कैंसर :** अपच होना, भूख ना लगना, उल्टी महसूस होना, गैस बनना, पेट में पानी भर जाना, पेट फूलना, पेट के निचले हिस्से में सूजन, ऐंठन और दर्द के अलावा सेक्स के दौरान दर्द।

**एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर :** मेनोपॉज होने के बावजूद हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण बड़ी उम्र में अचानक असामान्य रूप से ब्लीडिंग होना, जो शुरू में कम और धीरे-धीरे काफी तेज हो जाती है।

**बचाव के उपाय :** युवतियों को शादी के बाद साल में एक बार डॉक्टर के पास विजिट जरूर करना चाहिए और रूटीन मेडिकल चेकअप करवाना चाहिए। अगर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाए, तो 90 प्रतिशत मरीज पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। चूंकि, ह्यूमन पेप्पिलोमा वायरस को कैंसर की स्टेज तक आने में 10-15 साल लगते हैं। इस दरम्यान पैपस्मीयर टेस्ट करवाने पर कैंसर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाता है, तो समुचित उपचार से बचा जा सकता है। लिहाजा 21 साल की उम्र के बाद पैपस्मीयर टेस्ट करवाएं। इसके बाद हर 3 साल के अंतराल में और 40 साल की उम्र के बाद 5 साल के अंतराल में यह टेस्ट करवाएं। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 9-16 साल के बीच लड़कियों को 0-2-4 महीने के अंतराल पर एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाएं। नहाते समय प्राइवेट पार्ट्स को नियमित रूप से चेक करें कि कुछ असामान्य लक्षण ना हों यानी डिस्चार्ज ना हो रहा हो। इनकी सफाई, सेफ्टी और हाइजीन का विशेष ध्यान रखें। परिवार में ब्रेस्ट कैंसर की हिस्ट्री है, तो स्क्रीनिंग नियमित रूप से कराएं। 20-22 साल की उम्र की लड़कियां हर महीने पीरियड्स के 4-5 दिन बाद खुद ब्रेस्ट परीक्षण करें। 38-40 साल की उम्र में एक बार ब्रेस्ट की अल्ट्रासाउंड, 40-45 साल की उम्र के बाद 2 साल में एक बार मेमोग्राम और 55 साल के बाद हर दो साल में ब्रेस्ट-स्क्रीनिंग जरूर कराएं।

एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर का पता लगाने के लिए मेनोपॉज के बाद 5 साल के अंतराल पर पैप स्मीयर टेस्ट जरूर कराएं, जिससे यूट्रस की स्थिति का पता चल सके। अगर बिना किसी वजह के लगातार अपच या पेट दर्द की समस्या एक महीने तक बनी रहे तो ऑन्कोलॉजिस्ट से जरूर कंसल्ट करें। परिवार में ओवरी कैंसर की हिस्ट्री है, तो 18 साल की उम्र से ही साल में एक बार स्क्रीनिंग जरूर कराएं।

**( सीनियर सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. उमंग मित्तल से बातचीत पर आधारित)**

केयर / मधु सिंह

सोना, चांदी हो या हीरा मोती, इनकी ज्वेलरी की चमक समय के साथ कम होने लगती है। लेकिन कुछ आसान उपायों से आप इन्हें फिर से नई ज्वेलरी जैसा चमका सकती हैं। जानिए कुछ यूजफुल टिप्स के बारे में।

# पुरानी ज्वेलरी में आएगी नई चमक



यह सही है कि पुराना होने पर किसी भी मेटल से बने जेवर की चमक फीकी पड़ने लगती है। दरअसल, लगातार या बार-बार पहने जाने के कारण गहनों में धूल, मिट्टी, पसीना, गर्मी, सर्दी और बारिश के मौसम का प्रभाव पड़ता है। अगर इन पर ध्यान ना दिया जाए तो ये अपनी चमक खो देते हैं। अगर थोड़ी सी सजगता से घर पर ही अपने गहनों की साफ-सफाई की जाए तो ये ना सिर्फ फिर से चमकने लगते हैं बल्कि अपनी भरपूर आभा बिखेरते हुए नए जैसे लगने लगते हैं।

**चमक उठेगी सिल्वर ज्वेलरी :** चांदी सफेद रंग की होती है, इसलिए इसकी ज्वेलरी पर पसीने और धूल-मिट्टी का असर बहुत जल्दी दिखने लगता है। चांदी का गहना सोने के गहने के मुकाबले बहुत जल्दी ही अपनी रंगत खो देता है। ऐसे गहनों को फिर से सफेद और चमकदार बनाने के लिए आप ये घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

- दो चम्मच बेकिंग सोडा और आधा कप सिरके में कम से कम दो घंटे के लिए सिल्वर ज्वेलरी को भिगो दें। दो घंटे बाद इसे ठंडे पानी से धो लें, गहना फिर से चमकने लगेगा।
- चांदी के जेवर को खट्टी दही से भी चमकाया जा सकता है। खट्टी दही में कुछ देर के लिए चांदी के गहनों को भिगो दें। आप देखेंगी कि जल्द ही इन गहनों में चढ़ा सारा मैल कट कर निकल जाएगा। मैल के बाहर आते ही ये गहने फिर से चमकने लगेंगे।
- चांदी के गहनों को सामान्य डिटर्जेंट से भी चमकाया जा सकता है। इसके लिए गुनगुने पानी में डिटर्जेंट मिलाएं और फिर चांदी के गहनों को इसमें डुबो दें। करीब एक घंटे के बाद सॉफ्ट टूथब्रश से रगड़ लें। अब इसे ठंडे पानी से धो दें। सारा मैल निकल जाएगा और ये चमकने लगेंगे।
- टूथपेस्ट से भी सिल्वर ज्वेलरी में चमक आती है। इसके लिए ज्वेलरी पर अच्छी तरह से टूथपेस्ट लगाएं और फिर उसे गर्म पानी में डुबो दें। आधे घंटे के बाद इसे बाहर निकाल कर सॉफ्ट टूथब्रश से अच्छी तरह से रगड़ कर साफ करें, फिर साफ मुलायम और सूखे कपड़े से पोंछें। चांदी के गहनों में चमक आ जाएगी।
- रीठे के पानी में भिगोकर साफ करने से भी चांदी के जेवरों में चमक आ जाती है।

**नई जैसी दिखेगी गोल्डेन ज्वेलरी :** सोने के जेवर को निखारने के लिए भी आप कुछ सरल घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

- एक बड़े कटोरे में आधा कप सिरका डालें, उसमें दो चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं और इस मिश्रण में अपने सोने के गहने को दो से तीन घंटे के लिए डुबो दें। तीन घंटे के बाद इसे निकालकर ठंडे पानी से धो लें, फिर सूखे मुलायम कपड़े से हल्के हाथों से इन्हें अच्छी तरह से पोंछ दें। गोल्ड ज्वेलरी की खोई हुई चमक लौट आएगी। सोने के गहनों की चमक वापस लाने में उबले हुए रीठे का पानी भी कारगर होता है।
- गरम पानी में अच्छी क्वालिटी का डिटर्जेंट पावडर और 1 चम्मच अमोनिया मिलाकर इस घोल में अपने सोने के गहनों को कुछ देर के लिए पड़ा रहने दें, फिर इन्हें निकाल कर साफ-ठंडे पानी से धो लें। इनकी खोई हुई चमक लौट आएगी।
- सोने के गहनों की चमक फिर से वापस लाने के लिए थोड़े से पानी में 1 चम्मच हल्दी डालकर इसे उबाल लें। फिर इस पानी में रात भर के लिए सोने के गहनों को डालकर रखें। फिर अगले दिन सॉफ्ट ब्रश से हल्के हाथों से रगड़ लें। गहने चमकने लगेंगे।

**डायमंड-पर्ल ज्वेलरी के लिए :** सोने, चांदी के अलावा अगर आपके पास हीरे (डायमंड) या मोती (पर्ल) के जेवर हैं तो इन्हें भी आप घर में चमका सकती हैं। इसके लिए गर्म पानी में थोड़ा शैंपू घोलें और उसे एक मुलायम ब्रश से गहने पर अप्लाई करें, लेकिन इसे घोल में डुबोएं नहीं। ना ही सादे पानी में धोएं। केवल पानी में धोने से इसमें दाग पड़ जाते हैं और घोल में डुबोने पर यह अपनी चमक खो सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि जब मोती के गहने चमकाने हों तो उन्हें बेहद सॉफ्ट कपड़े पर रखकर ही ऐसा करें।

## खबर संक्षेप

### भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष ने हवन में लिया हिस्सा

**हिसार।** भाजपा के युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष योगेंद्र शर्मा का पंचग्राम पाबड़ा में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के उपरांत उन्होंने पाबड़ा में स्थित प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में आयोजित हवन-यज्ञ में हिस्सा लिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, जिला महामंत्री आशीष जोशी व अनिल भैरू, सोशल मीडिया जिला सह प्रमुख विरेंद्र महता आदि मौजूद थे।

### नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता कनोह में 2 से

**हिसार।** पूर्व कबड्डी खिलाड़ी स्वर्गीय बृजेश व सुरेंद्र बच्ची की याद में 2 व 3 फरवरी को नजदीकी गांव कनोह में नेशनल स्टाइल कबड्डी 50 किलोग्राम वेट 2 फरवरी को और ओपन वेट प्रतियोगिता 3 फरवरी को करवाई जाएगी। एथलेटिक कोच राजू कनोह ने आज बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता के साथ लड़कों के वर्ग की 17 वर्ष वर्ग में 600 मीटर दौड़ भी होगी। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक नरेश सेलवाल, मोनू सरपंच भगाना और अध्यक्षता सरपंच काला कनोह करेंगे।

### हांसी उपमंडल कार्यालय परिसर रोजगार मेला आज

**हांसी।** उपमंडल कार्यालय परिसर में आज रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सहायक रोजगार अधिकारी ममता कुमारी ने बताया कि 30 जनवरी को आयोजित रोजगार मेले में सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा सुरक्षा गार्ड व सुरक्षा सुपरवाइजर पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

### 95 दिव्यांगों को फ्री मिलेंगे कृत्रिम अंग व उपकरण

**हिसार।** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में स्थापित लाला देवीचंद ग्रोवर निशुल्क कृत्रिम अंग निर्माणशाला द्वारा निशुल्क शिविर आयोजित करके दिव्यांगों की जांच की गई। भारत विकास परिषद की पानीपत शाखा की ओर से हिसार की लाला देवीचंद ग्रोवर निशुल्क कृत्रिम अंग निर्माणशाला के सहयोग से पानीपत में जीटी रोड स्थित गोशाला मंदिर में दिव्यांग सहायता शिविर लगाया गया। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में विभिन्न क्षेत्रों के 135 दिव्यांग बंधुओं ने हिस्सा लिया। जांच के उपरांत 95 दिव्यांगों कृत्रिम अंग व कृत्रिम उपकरणों के योग्य पाए गए।

### सहोदय इंटर स्कूल में भाषण प्रतियोगिता

**हिसार।** सहोदय स्कूल मोगा देवी मिंडा मेमोरियल स्कूल, बगला में अंग्रेजी इंटर स्कूल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 22 स्कूलों में से इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल, हिसार के मास्टर अथर्व ने जूनियर वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में हिसार के 22 सीबीएसई स्कूलों के छात्रों ने बड़ी रुचि, उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रत्येक स्कूल से दो छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन उनके परिचय, स्मरण, उच्चारण, प्रस्तुति और सामग्री के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता बाद पुरस्कार वितरण किया।

---

*शनिवार को तापमान सामान्य से 7 से 8 डिग्री तक हुई थी वृद्धि*

# दो पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने से 31 जनवरी से बदलेगा मौसम
# 3 फरवरी तक बादल छाये रहने व हलकी बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



प्रदेश में दो दिन पूर्व तेज धूप निकलने के बाद सोमवार को फिर धुंध ने अपनी चपेट में ले लिया। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में यह बदलाव आ रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 31 जनवरी तक मौसम खुश्क रहेगा। इस दौरान शीत हवाएं चलने की संभावना है, जिससे दिन के तापमान में हलकी बढ़ोतरी व रात के तापमान में गिरावट आएगी। 31 जनवरी से 3 फरवरी तक बादल छाये रहने व हलकी बारिश की संभावना है। बता दें कि शनिवार को यहां तेज धूप निकलने से तापमान में सामान्य से 7 से 8 डिग्री तक बढ़ोतरी हो गई थी। आमतौर पर प्रदेश में तापमान 14-15 डिग्री सेल्सियस चल रहा था। शनिवार को यह 20 को पार करते हुए 24 डिग्री तक पहुंच गया। रविवार को भी प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में हल्का कोहरा व बादल छाए रहे। दिन के औसत तापमान में 4.6 डिग्री की गिरावट आई।

## दिसंबर व जनवरी में नहीं हुई बारिश

### सूखे बीत गए दिसम्बर और जनवरी

दिसम्बर व जनवरी का पूरा मास बीत गया लेकिन अभी तक यहां दोनों महीने बिलकुल भी बारिश नहीं हुई। दो पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से अब मौसम में हुए बदलाव से बारिश होने के आसार बन रहे हैं। 31 जनवरी से 3 फरवरी के बीच ज्यादातर क्षेत्रों में आंशिक बादलवाई व हलकी बरसात की संभावना है। एचएयू मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन लाल खीचड़ के अनुसार इस दौरान दिन के तापमाप में बढ़ोतरी वहीं रात के तापमान में हलकी गिरावट आएगी। इस दौरान शीत हवाएं भी चलेंगी।

### सोमवार से ही खुले प्राइमरी स्कूल

जनवरी मास के शुरूआत में भीषण ठंड को देखते हुए हरियाणा सरकार ने प्रदेश के सभी स्कूलों में 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश की घोषणा की थी। 15 जनवरी तक ठंड से राहत न मिलती देखकर सरकार ने पांचवीं कक्षा तक छुट्टियों को 20 तक बढ़ा दिया था। इसके बाद इसे बढ़ाकर 28 जनवरी कर दिया गया। सोमवार से प्राइमरी स्कूल खुल गए लेकिन बदलते मौसम के कारण ठंड के प्रकोप में कोई कमी नहीं आई और छोटे बच्चों को स्कूल जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

---

### लाइनमैन के तबादले के विरोध में खोला मोर्चा

# बिजली कर्मियों का धरना जारी, जमकर की नारेबाजी

*एसडीओ ने जांच कमेटी की रिपोर्ट आए बिना ही लाइनमैन को यहां से रिलीव कर दिया, जो सरासर गलत है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



**रतिया।** लाइनमैन के तबादले के विरोध में एसडीओ कार्यालय पर धरना देते बिजली कर्मचारी।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की सब अर्बन सब डिवीजन रतिया में तैनात लाइनमैन का राजनैतिक दबाव के चलते तबादला करने के विरोध में सोमवार को ऑल हरियाणा पावर कापारे्रेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर बिजली कर्मचारियों द्वारा एसडीओ कार्यालय के बाहर अनिश्तिकालीन धरना शुरू किया गया। धरने के दौरान कर्मचारियों ने एसडीओ अशोक पानू, कार्यकारी अभियंता व अधीक्षक अभियंता के खिलाफ नारे लगाए और इस तबादले की कड़े शब्दों में निंदा की। धरने का संचालन सचिव प्रेम शर्मा ने किया और अध्यक्षता सब यूनिट के अध्यक्ष कश्मीर सिंह ने की।

गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए उपप्रधान सतपाल सिंह ने बताया कि लाइनमैन दीपक हांसपुर कम्पलैंट सैंटर पर तैनात है और ईमानदारी से कार्य करता है। राजनीतिक दबाव के चलते अधिकारियों द्वारा उसका तबादला कर दिया गया है, जिसका यूनियन कड़ा विरोध करती है। उन्होंने बताया कि एक जेई द्वारा किसी उपभोक्ता की बिजली चोरी पकड़ी गई और उसका मीटर उखाड़ कर ले आए। बाद में उक्त उपभोक्ता ने एसडीओ से मिलकर बिना जुर्माना भरे मीटर ले गए और आरोप लगाया कि दीपक व सतपाल लाइनमैन द्वारा उनकी चोरी पकड़वाई गई है। हम इन दोनों को यहां नहीं रहने देंगे और इनका तबादला करवा देंगे। कर्मचारी नेता ने कहा कि उपभोक्ता ने अपनी राजनीतिक पहुंच का फायदा उठाते हुए दीपक लाइनमैन का तबादला करने को लेकर बिजली मंत्री को लिख कर दे दिया और उसका तबादला फतेहाबाद सिटी डिवीजन में करवा दिया। बिजली मंत्री के आदेश पर एसई ने कार्यकारी अभियंता के नेतृत्व में जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी। वक्ता ने बताया कि एसडीओ ने जांच कमेटी की रिपोर्ट आए बिना ही लाइनमैन को यहां से रिलीव कर दिया, जो कि सरासर नाजायज है।

#### लाइनमैन का तबादला रोकने की मांग की

धरने को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने बताया कि यूनियन द्वारा पहले ही गेट मीटिंग कर सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना देने का फैसला किया था और इसकी सूचना एसडीओ को भी दे दी थी। उन्होंने बताया कि जब तक अधिकारियों द्वारा उपरोक्त लाइनमैन का तबादला नहीं रोका जाता तब तक कोई भी कर्मचारी बिजली बिलों की रिकवरी का कार्य नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि यूनियन के फैसले के अनुसार धरना 10 से 5 बजे तक लगाया जाना था, लेकिन आम जनता को कोई परेशानी न हो इसलिए धरना अब रोज सुबह 10 बजे से 1 बजे तक लगाया जाएगा। इस अवसर पर मलकीत सिंह, रामकुमार सिंगला, मनोज कामरा, रोहताश शेषनाथ, धर्मवीर, विनोद कुमार, मानव, जगतार सिंह, अमन, प्रवेश, प्रमोद, सुनील कुमार, लक्ष्मण दास, गुरदीप सिंह व अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

---

# सरसों पर फफूंद नाशक का करें छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** सरसों की फसल में सफेद रतुआ का प्रकोप। फाइल फोटो

सफेद रतुआ सरसों में फंगस के कारण होने वाली बीमारी है। इसके लक्षण आरंभ में पत्तों पर नजर आते हैं। पत्तों के नीचले भाग में सफेद धब्बे से दिखाई देते हैं तथा सफेद पाउडर सा बन जाता है। इस प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर समय रहते उपाय कर नुकसान से बच सकते हैं। लगातार धुंध और कोहरे के मौसम का बने रहना और पौधों को सूर्य की समुचित रोशनी का न मिलना प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया को बाधित करता है जिससे फफूंद जनित बीमारियों के आक्रमण की संभावनाएं रहती हैं। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि इसमें पौधों के पत्तियों और तनों पर सफेद या पीले क्रीम रंग के कील से नजर आते हैं जो कि पत्तों से शुरू होकर तने से फूलों तक फैल जाते हैं परिणामस्वरूप तने, फूल और फलियां बेढंग के आकार के और टेढ़े मेढे हो जाते हैं जिसका फसल की पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और पैदावार घट जाती है। यह ज्यादातर पछेती बीजी गई फसलों में होता है तथा अगेती बिजाई गई फसलों में इस बीमारी का असर बहुत कम देखने को मिलता है। इस मौके पर कृषि विकास अधिकारी डॉ. अंकित ढिल्लों ने बताया कि सरसों में सफेद रतुआ के नियंत्रण के लिए 600 ग्राम मैनकोजेब (डाइथेन या एंडोफिल एम-45) को 250-300 लीटर पानी में मिला कर प्रति एकड़ की दर से 15 दिन के अंतर पर 3-4 बार छिड़काव कर दे। फफूंदनाशक का छिड़काव कृषि मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ही करें। इसके साथ-साथ किसान छिड़काव करने से पहले ये सुनिश्चित अवश्य करें की जिस स्प्रेयर से छिड़काव करना चाहते हैं वो किसी खरपतवारनाशी के लिए प्रयोग ना किया हुआ हो।

### केजरीवाल की गारंटी के साथ चलेगी प्रदेश की जनता : गरजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आम आदमी पार्टी की जींद में आयोजित बदलाव जनसभा की चर्चा हरियाणा के घर घर में है। जनसभा में उमड़े जनसैलाब ने दिखा दिया कि प्रदेश की जनता खट्टर सरकार से त्रस्त है और बदलाव चाहती है। ये बात आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष गुरविन्द्र सिंह गरजा व प्रदेश सहसचिव लक्ष्य गर्ग ने कही। आप नेताओं ने कहा कि हरियाणा के घर घर में जींद की बदलाव जनसभा के चर्चा है। जींद में उमड़े जन सैलाब ने दिखा दिया कि हरियाणा के लाल केजरीवाल की गारंटी के साथ हरियाणा की जनता खड़ी है और 2024 में दिल्ली और पंजाब के बाद हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी।

आप जिलाध्यक्ष गुरविन्द्र सिंह गरजा ने कहा कि बदलाव जनसभा में केजरीवाल 1 लाख जीरो बिजली के बिल लेकर पहुंचे। इसकी पूरे हरियाणा में चर्चा है। दिल्ली में जनता को फ्री बिजली मिल रही है। पंजाब में 90 प्रतिशत ने ज्यादा लोगों को फ्री बिजली मिल रही है। इस बार हरियाणा की जनता भी आम आदमी पार्टी की सरकार लाकर अपने बिजली के बिल को जीरो करवाएगी। उन्होंने कहा कि जींद महासभा में अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने बताया कि पंजाब में 40 लाख घरों में जीरो बिजली के बिल आते हैं। वहीं पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार में महज 20 महीने में 42,000 युवाओं को सरकारी नौकरी मिली।

### हरियाणा के नौ अतुल्य वर्ष का विमोचन 3 को

**हिसार।** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा द्वारा तीन फरवरी को 'हरियाणा सरकार के नौ अतुलनीय वर्ष' पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि होंगे और मुख्यमंत्री मनोहर लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह आयोजन सूरजकुंड (फरीदाबाद) में किया जाएगा। इस पुस्तक का भाषांतर संपादन हिसार की डॉ. शमीम शर्मा ने किया है। वर्ष 2009 में शमीम शर्मा ने हरियाणा एनसाइक्लोपीडिया के 10 खंडों का संपादन भी किया था और श्रेष्ठ महिला रचनाकार का पुरस्कार दिया गया था।



डॉ. शमीम शर्मा।

---

# श्री गुरुद्वारा साहिब बचेर को सौंपा 50 हजार का चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

■ हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ सदस्य प्रकाश सिंह साहुवाला ने दी सहायता

हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ सदस्य प्रकाश सिंह साहुवाला ने गांव बचेर स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब की प्रबंधन कमेटी को 50 हजार रुपए की राशि का चैक सौंपा। प्रकाश सिंह साहुवाला ने कहा कि इस राशि को स्थानीय श्री गुरुद्वारा साहिब प्रबंधन अपने स्तर पर लंगरहॉल निर्माण अथवा किसी भी अन्य लोकहित के कार्य में प्रयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि गुरुओं द्वारा स्थापित मानवहित के सिद्धांतों को प्रतिपादित करते हुए सिख कौम ने सदैव उच्च मानदंडों को स्थापित करते हुए सहायता शब्द को चरितार्थ किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसे गंभीर संक्रमण काल में भी सिख मैनेजमेंट कमेटी ने झुग्गी झोंपड़ी सहित हजारों लोगों के घरों तक लंगर पहुंचाकर व सिरसा जिले के विभिन्न गांवों में आई बाढ़ के दौरान पीड़ितों की अपेक्षानुसार मदद कर गुरुओं के दिखाए मार्ग पर चलने का काम किया। सरदार प्रकाश सिंह साहुवाला ने कहा कि भविष्य में भी हरियाणा के किसी भी श्री गुरुद्वारा साहिब एवं अन्य जरूरतमंदों की मदद के लिए हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सदैव तत्पर रहेगी।



**सिरसा।** श्री गुरुद्वारा साहिब बचेर को 50 हजार का सहायतार्थ चैक सौंपते हुए।

### पुलिस जवानों ने युवाओं के साथ मैच खेलकर नशे के खिलाफ किया जागरूक

**सिरसा।** पुलिस द्वारा जिलाभर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को गांव ताजियाखेड़ा, नेजिया तथा चाडीवाल में पहुंचकर युवाओं के साथ कबड्डी, क्रिकेट व वॉलीबाल के मैच खेलकर उन्हें नशे के खिलाफ जागरूक किया। नशे के खिलाफ संदेश देने तथा खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने पुलिस जवानों की वॉलीबॉल, हैंडबॉल, क्रिकेट तथा कबड्डी टीमों का गठन किया गया है, जो गांव-गांव जाकर युवकों को खेलों के प्रति जागरुक कर रही है। पुलिस जवानों द्वारा श्रमदान कर ग्रामीणों के सहयोग से खेल ग्राउंड तैयार करने का मानवता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है। जिला पुलिस द्वारा जहां नशे के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया जा रहा है, वहीं युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए लगातार पुलिस के जवान सुबह-शाम गांवों में जाकर उनके साथ विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन कर उन्हें खेलों के प्रति जागरूक कर रहे हैं जिसके काफी सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इसी मुहिम के तहत पुलिस जवानों ने चोपटा थाना क्षेत्र के गांव ताजिया, नेजिया तथा गांव चाडीवाल में पहुंचकर वहां के युवकों के साथ वालीबॉल, क्रिकेट तथा कबड्डी के मैच लगाए तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस जवानों ने युवाओं से कहा कि जिलाभर में नशा तस्करों के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है।

# भाजपा नेता पदम जैन का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

■ विभिन्न संगठनों ने जताया शोक

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पदम जैन का बीते रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को अपराह्न 3 बजे किया गया, जिसमें विभिन्न राजनीतिक, धार्मिक व समाजसेवी संगठनों के लोगों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता पदम जैन का बीते रविवार को ब्लड प्रेशर संबंधी शिकायत हुई थी जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में दाखिल ले जाया गया था जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। पदम जैन 2005 में इनेलो की टिकट पर सिरसा से विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था। बाद में 2019 में वे भाजपा में शामिल हो गए थे और इसी दल के लिए सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे थे। उनके निधन पर शहर की विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक व आध्यात्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया है। पदम जैन एक धार्मिक व्यक्तित्व के धनी थे। वे जैन समाज की कई संस्थाओं की अगुवाई करते थे। जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला सोमवार को समाजसेवी पदम जैन के संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। डॉ. अजय चौटाला के साथ जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. राधेश्याम शर्मा, कार्यालय प्रभारी डॉ. हरि सिंह भारी आदि मौजूद थे।



**सिरसा।** भाजपा नेता पदम जैन को अंतिम विदाई देते अजय चौटाला सहित अन्य गणमान्य लोग।

---

# भूना में लगेगा 'अमरुद एक्सपो'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अमरुद उत्कृष्टता केन्द्र, भूना में 31 जनवरी व एक फरवरी को दो दिवसीय अमरुद एक्सपो आयोजित किया जाएगा। एक्सपो के पहले दिन चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज तथा दूसरे दिन विधायक दुड़ाराम मुख्यातिथि व एचएसएचडीए के एमडी डॉ. रणधीर सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। अमरुद उत्कृष्टता केन्द्र, भूना के उप निदेशक डॉ. सुभाष चंद्र ने बताया कि अमरुद एक्सपो के दौरान दोनों दिन लगभग 1000 किसान इस मेले में भाग लेंगे। इस दौरान चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी सत्र आयोजित किया जाएगा जिसमें अमरुद की फसल व बागवानी की अन्य फसलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथियों द्वारा इस एक्सपो में किसानों को अमरुद रत्न पुरस्कार 11000 रुपये व अमरुद सम्मान पुरस्कार 5100 रुपये दिया जाएगा। बागवानी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न सरकारी/अर्ध-सरकारी संस्थान, उद्यमी, प्राइवेट कम्पनियों के लिए उनके उत्पाद प्रदर्शित करने हेतु स्टालों की व्यवस्था भी की गई है जिसमें विभिन्न सरकारी/अर्ध-सरकारी संस्थान, उद्यमी, प्राइवेट कम्पनियों द्वारा अपने-अपने उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही एक्सपो में बागवानी विषय विशेषज्ञों द्वारा अमरुद फसल के प्रबंधन व उच्च तकनीकों के बारे में किसानों को जानकारी दी जायेगी तथा किसानों को अमरुद फसल से संबंधित समस्याओं के समाधान बारे जानकारी दी जायेगी।




**फतेहाबाद।** अमरुद उत्कृष्टता केन्द्र, भूना कार्यालय। फाइल फोटो

### गांव हसंगा के लोगों ने स्पीड ब्रेकर ठीक कराने की मांग की

# गलत तरीके से बनाए स्पीड ब्रेकर से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

■ इस स्पीड ब्रेकर के चलते कई बार हो चुकी हैं दुर्घटनाएं

उपमंडल के गांव हसंगा में लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा गलत तरीके से बनाए गए स्पीड ब्रेकर के कारण हो रहे हादसों के चलते ग्रामीणों में रोष पाया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिला उपयुक्त व एसडीएम से करते हुए गलत तरीके से बनाए गए स्पीड ब्रेकर को ठीक करवाने की मांग की है।

ग्रामीण हरविंदर सिंह सिद्धू, बलविंदर सिंह सिद्धू, बंसीलाल सिहाग, जगदीप कुलड़िया, आकाशदीप सिद्धू ने बताया कि कुछ समय पहले लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा गांव में एक रोड का निर्माण किया गया था। रोड निर्माण करते समय ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा गांव की सीमा के पास अवैध रूप से गलत तरीके से एक स्पीड ब्रेकर का निर्माण कर दिया गया। इस कारण आने जाने वाले वाहन चालकों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। साथ से इस कारण कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है और वाहनों का भी नुकसान हो रहा है। वह कई बार विभाग के अधिकारियों को सूचित भी कर चुके हैं लेकिन अवैध रूप से बनाए गए स्पीड ब्रेकर को ठीक नहीं किया जा रहा है। उन्होंने जिला उपायुक्त एसडीएम व विभाग के अधिकारियों से स्पीड ब्रेकर ठीक कराने की मांग की है।



**रतिया।** गांव हसंगा में गलत तरीके से बनाया गया स्पीड ब्रेकर।

#### 15 दिन में स्पीड ब्रेकर ठीक करवाने का दिया था आश्वासन

इस बारे में जब गांव के सरपंच वकील सिंह पोपली से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत उनके पास भी आई थी। इसके बारे में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सूचित किया गया था और उन्होंने 15 दिन में स्पीड ब्रेकर ठीक करवाने का आश्वासन दिया था लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी स्पीड ब्रेकर ठीक नहीं हो पाए हैं। इस बारे में जब एसडीएम जगदीश चंद्र से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनके पास गांव हसंगा में अवैध रूप से स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की शिकायत आई है जिसको संज्ञान में लेकर ठीक करवाया जाएगा। इस बारे में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने 15 बसों के चालान काटे

**सिरसा।** जिला यातायात थाना प्रभारी धर्मचंद ने सोमवार को रोडवेज व निजी बस चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहनों के चालान किए। यातायात थाना प्रभारी धर्मचंद ने बताया कि इस अभियान के दौरान यातायात पुलिस की विभिन्न टीमों का गठन कर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया था। रोडवेज व निजी बसों में संसाधनों की कमियां पाई जाने के चलते 15 बसों के चालान किए गए।

### स्कॉलरशिप परीक्षा में 400 बच्चों ने लिया भाग

**चोपटा।** गवेदा पब्लिक स्कूल शक्कर मंदोरी में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल चेयरमैन देशबंधु बैनीवाल ने बताया कि स्कॉलरशिप परीक्षा में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के बच्चों ने भाग लिया। इस तरह की परीक्षा से बच्चों की योग्यता की परख होती है। स्कूल प्राचार्या उपासना सभरवाल ने बताया कि परीक्षा में पहली से नौंवी कक्षा के बच्चों ने भाग लिया।

### इंडेन गैस एजेंसी के आठ सिलेंडर चोरी

**सिरसा।** रानियां पुलिस ने गांव चक्कां जिला सिरसा निवासी रमेश कुमार पुत्र साधुराम की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ गैस सिलेंडर चोरी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में रमेश कुमार ने बताया कि वह इंडेन गैस एजेंसी जीवननगर के गांव संतावाली-नकौड़ा रोड स्थित गोदाम पर चौकीदार के रूप में तैनात है। इस गोदाम की रात्रि में चौकीदारी सतपाल पुत्र मंगत सिंह निवासी संतावाली द्वारा की जाती है।

### दुकान में रखे दो आईफोन व नकदी चोरी

**सिरसा।** कालांवाली के पंजाब बस स्टैंड के समीप स्थित कमल ऑप्टीकल्स से चोर दो मोबाइल व नकदी चुराकर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही कालांवाली थाना पुलिस और सीआईए कालांवाली की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और चोरों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस दुकान के आस-पास लगे सीसीटीवी खंगालकर भी घटना से संबंधित जानकारी जुटाकर चोरों की तलाश कर रही है।

### युवक को बाइक चोरी करते दबोचा

**सिरसा।** जेजे कॉलोनी पुलिस चौकी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शहर की शाम बगीची क्षेत्र से बाइक चोरी करते हुए एक युवक को काबू किया है। शहर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान अरुण कुमार पुत्र रघुवीर सिंह निवासी चतरगढ़पट्टी सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जे जे कॉलोनी पुलिस चौकी प्रभारी संदीप कुमार के नेतृत्व में आरोपित को दबोचा।

### अंबेडकर स्टूडेंट फ्रंट ऑफ इंडिया ने सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** डॉ. अंबेडकर स्टूडेंट फ्रंट ऑफ इंडिया द्वारा चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलसचिव के माध्यम से अध्यक्ष यूजीसी को ज्ञापन भेजा गया जिसमें संगठन की तरफ से हाल ही में यूजीसी द्वारा जारी की गई एससीएसटी ओबीसी विरोधी दिशा निर्देशों को रद्द करने की मांग की गई। संगठन द्वारा इस बात की कड़े शब्दों में निंदा की गई जिसमें यूजीसी द्वारा सरकार को सुझाव दिया गया है कि आरक्षित श्रेणी के पदों पर नियुक्ति के दौरान अगर पद खाली रह जाता है तो उसको डी रिजर्व करके जनरल श्रेणी से भर दिया जाए। संगठन के सदस्यों ने महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग से यह मांग की कि इस प्रकार के सुझाव को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए।

---

### पांच साल से चल रहा काम : लोगों ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

# रेलवे अंडरब्रिज की लागत 8 करोड़ से बढ़कर साढ़े 15 करोड़ तक जा पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आकाश गर्ग/जाखल

रेलवे विभाग के निर्माण विंग में गड़बड़झाला या फिर अफसरों की उपेक्षा! जाखल में लगभग 5 वषार्ें से निर्माणाधीन रेलवे अंडर ब्रिज के निर्माण का एस्टीमेट दो गुना तक बढ़ा दिया गया हैं। दरअसल अंडर ब्रिज का निर्माण पूरा करने हेतु शुरुआत में लगभग 5 साल पहले एक निर्माण एजेंसी ने जितनी राशि में टेंडर लिया था, उसके एस्टीमेट रिवाइज से एजेंसी को दूसरी बार भी करोड़ों रुपए अतिरिक्त बजट राशि जारी कर दिया। इसके बाद भी पिछले 5 साल में आरयूबी का अमूमन 60 से 70 फीसद कार्य कर ठेकेदार पैसे कम रहने का हवाला देते हुए हाथ खड़े कर गया है। अचरज की बात ये है कि पूर्व निर्माण एजेंसी पर कोई ठोस कार्यवाही करने की अपेक्षा आरयूबी का निर्माण संपन्न करने के लिए सरकार ने अब तीसरी बार फिर 5 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी हैं। ऐसे में आरयूबी निर्माण में भ्रष्टाचार की बू आ रही हैं। जानकारी के अनुसार करीबन 5 वर्ष पहले जाखल रेलवे अंडर ब्रिज के निर्माण हेतु रेलवे ने टेंडर आमंत्रित किए थे। उसके बाद निविदा प्रक्रिया से एक निर्माण एजेंसी को 8 करोड़ रुपए में इस ब्रिज का टेंडर अलॉट कर दिया था। इसके थोड़े समय बाद ठेकेदार ने रुपए कम रहने का रोना रोते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग से माध्यम से सरकार से 2.63 करोड़ रुपए की अतिरिक्त बजट की डिमांड की थी। इसके बाद सरकार ने ये डिमांड पूरी कर पैसा जारी कर दिया था। आश्चर्यजनक बात ये है कि उसके बाद भी करीबन 60-70 फीसद कार्य होने पर कार्य को बंद कर लावारिस हालत में छोड़ दिया गया। ठेकेदार ने पुनः फिर बजट कम रहने का तर्क दिया।



**जाखल।** रेलवे अंडरब्रिज जो निर्माण कार्य पूरा होने की बाट जो रहा है।

#### सांसद दुग्गल के समक्ष लोगों ने रखा था ये मुद्दा

गत वर्ष सितंबर माह में सांसद सुनीता दुग्गल जाखल पहुंची थी। उस दौरान अधिकारियों की बैठक में लोगों ने उनके समक्ष 5 साल से लंबित निर्माणाधीन रेलवे अंडर ब्रिज का मुद्दा उठाया था। इस पर अधिकारियों ने सांसद को बताया कि 8 करोड़ रुपए से हुई निविदा से इस कार्य के लिए एस्टीमेट रिवाइज कर 2.63 करोड़ रुपए अतिरिक्त राशि यानि 10.63 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। अधिकारी ने उन्हें बताया कि आरयूबी के मुकम्मल निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपए की और आवश्यकता है। इस पर हालांकि सांसद ने हैरानी व्यक्त करते हुए इस मामले की जांच के आदेश दिए थे, लेकिन अब सरकार द्वारा दोबारा से इसके शेष पड़े कार्य के टेंडर के लिए 5 करोड़ रुपए राशि जारी कर दी गई है।

#### गहराई से जांच हो तो सामने आ सकता है बड़ा खेल

स्थानीय लोगों का कहना हैं कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ठेकेदार पर अनुबंध की शतार्ें अनुसार अर्थ दंड लगाकर वसूली की जानी चाहिए थी। क्योंकि ऐसा कर जनता की गाड़ी कमाई का दुरुपयोग किया गया है। जानकार सूत्रों का मानना हैं कि यदि रिवाइज एस्टीमेट व पुन टेंडर अलॉट करने के इस मामले की गहराई से जांच की जाए तो बड़ा खेल उजागर हो सकता हैं। लोगों का कहना है कि होना यूं था कि अंडरपास निर्माण का टेंडर लेने के बाद कार्य अधर में छोड़ने वाले ठेकेदार के भुगतान पर रोक लगानी चाहिए थी, लेकिन इस मामले में ऐसी कोई कार्यवाही की नजर नहीं आई।

#### क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में रेलवे लोक निर्माण विंग के इंस्पेक्टर एसके छोक्कर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि शुरुआत में टेंडर 8 करोड़ का हुआ था। रेलवे की जगह के पैसे नहीं लिए गए थे, इसलिए एस्टीमेट रिवाइज किया था। पहले वाली एजेंसी ने बजट कम होने के कारण काम बीच में छोड़ दिया था, अब नई निर्माण एजेंसी को पांच करोड़ रुपए से टेंडर अलॉट किया गया है।

---

## बरासरी, रायपुर व रूपावास पशुओं की मौत से खौफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

क्षेत्र के बरासरी, रायपुर व रूपावास तीन गांवों में पिछले दिनों से लगातार पशुओं की बीमारी के चलते मौत हो रही है। इन गांवों में करीबन दो दर्जन से अधिक पशुओं की मौत हुई है। इससे पशुपालकों को आर्थिक तौर पर काफी नुकसान हुआ है। जिससे पशुपालक चिंता में डाल दिया है। गांव रूपावास के महावीर सिंह की 3 पशु, मोहनलाल के तीन पशु, रामचंद्र ढिल्लो की दो पशु, रायपुर के रामनिवास की तीन पशु, राजवीर सिंह के पांच पशु, बरासरी के सुरेंद्र रोज के 4 पशु व अन्य पशुपालकों के पशु अभी भी बीमारी से जुझ रहे हैं। पशुपालकों ने बताया कि पशुओं के मुंह में छाले होते हैं। इसके बाद ख?ा पशु ही गिरकर मौत हो रही है। उन्होंने कहा कि पशुओं की मौत होने से आर्थिक तौर पर काफी नुकसान झेलना प? रहा है। किसान नेता जगदीश रूपावास ने पुशपालको की चिंता जाहिर करते हुए कहा कि पशुओं की मौत होने से पशुपालक चिंता में है। जबकि पशुपाालन विभाग समय रहते हुए कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस संबंध में पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डा. बीएस बांसल ने कहा कि मुझे बरासरी, रायपुर व रूपावास में पशुओं की मौत होने के बारे में जानकारी मिली है।

## प्राथमिकता से किया जाएगा समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

घर-घर कांग्रेस-हर घर कांग्रेस अभियान के तहत वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमीर चावला शहर के सुखसागर कॉलोनी क्षेत्र में अशोक सोनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान कॉलोनीवासी सुमन वर्मा, अंजू बाला, दीपिका वर्मा, संजू वर्मा, प्रियंका बजाज, निकी कौर, सुनीता देवी, हैप्पी कौर, बिमला देवी, राम प्यारी, विक्की, सुखदेव सोनी, गुरजंट सिंह, मुनीष बजाज, विक्की सोनी, साहिल वर्मा, तरूण सोनी ने अमीर चावला की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अमीर चावला ने सभी नवनियुक्त कार्यकर्ताओं को पार्टी का पटका पहनाकर सम्मानित किया और पार्टी में पूरा मान-सम्मान देने को आश्वस्त किया। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाली महिलाओं ने भी अमीर चावला को आश्वस्त किया कि वे पार्टी की मजबूती के लिए पूरी सक्रियता से कार्य करेंगी। इस दौरान अमीर चावला ने कॉलोनीवासियों की समस्याएं भी सुनी। कॉलोनीवासियों ने बताया कि उनके एरिया में गलियां उबड़ खाबड़ व क्षतिग्रस्त हालत में है। सीवरेज का भी बुरा हाल है। बार-बार अवगत करवाने के बाद भी कर्मचारी समस्याओं का समाधान करने के लिए नहीं आते।

---

## किसानों ने खरीफ चैनल के निर्माण की मांग को लेकर दिया धरना



**सिरसा।** सिरसा में धिंगतानियां व भंभूर-सलारपुर खरीफ चैनल के निर्माण की मांग को लेकर किसान संघर्ष समिति ने सोमवार को लघु सचिवालय में अनिश्चितकालीन धरना दे दिया। इस दौरान किसानों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने धींगतानिया व भंभूर-सलारपुर खरीफ चैनल का निर्माण करने की घोषणा 2019 में की थी। घोषणा के बाद अब तक चैनल का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। ग्रामीणों को कहना है कि वर्ष 2019 में खरीफ चैनल के निर्माण के लिए बजट राशि जारी हो चुकी है लेकिन आगे कुछ नहीं हुआ। ग्रामीण कहना है कि दोनों खरीफ चैनल के निर्माण से 15 गांवों के किसानों को फायदा होगा। क्योंकि 15 गांवों की जमीन सिंचाई हेतु पानी नहीं मिलने का कारण बंजर होती जा रही है। भूजल दूषित हो चुका है और 500 फीट कई गहराई में जा चुका है। संघर्ष समिति के प्रधान हीरा सिंह का कहना है कि संघर्ष समिति कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंप चुकी है, लेकिन अब अधिकारियों को ज्ञापन नहीं सौंपा जाएगा।

### स्थापना दिवस पर जागरण व भंडारा आज

**सिरसा।** बाजेकां रोड स्थित श्री चमत्कारी बालाजी कंगनपुर धाम में पंचम स्थापना दिवस के अवसर पर कल 30 जनवरी को जागरण एवं विशाल लंगर का आयोजन किया जाएगा। श्री बालाजी कंगनपुर धाम के बाबा काशीराम ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम में हिसार के एडीजीपी श्रीकांत जाधव मुख्य अतिथि होंगे। जागरण में भजन गायक अभिनव एरन व अमित नागोरी बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि शाम 7.15 बजे ज्योत प्रचंड की जाएगी और 7.30 बजे से भंडारा शुरू हो जाएगा। इस दौरान गुरु का अटूट लंगर भी बताया जाएगा। श्रद्धालु अमर सिंह, दीपक शर्मा, अजय शर्मा, कन्नु शर्मा, संदीप, गौतम बामनिया व अन्य मौजूद रहे।

## जाखल में वाहन चोर गिरोह सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल



**जाखल।** चोरों द्वारा गाड़ी का तोड़ा गया शीशा दिखाते कार मालिक।

- एक कार चोरी और दो गाड़ियां चोरी करने में चोर असफल

रात को घर के बाहर गाड़ी खड़ी कर बेझिझक होकर आराम से घर में सोने वाले वाहन मालिक सावधान हो जाए, चूंकि जाखल में इन दिनों वाहन चोर सक्रिय है। बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा यहां मंडी क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी गाड़ियों को चोरी करने का प्रयास किया, जिसमें चोर एक कार तो चोरी करने में सफल हो गए हैं, जबकि दो गाड़ियों के शीशे तोड़ चुराने में असफल रहे। पीड़ित कार मालिक द्वारा मामले की शिकायत पुलिस को देकर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। मॉडल टाउन निवासी राजेश कुमार ने बताया कि देर रात्रि करीब साढ़े 12 के बजे उन्होंने अपनी स्विफ्ट कार घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब घर वालों ने उठकर देखा तो गाड़ी घर के बाहर से गायब थी। इस पर उन्होंने तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को सूचित किया।

मॉडल टाउन निवासी संदीप कुमार ने बताया कि बीती रात्रि उनकी स्विफ्ट कार घर के बाहर खड़ी थी। जिसे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया, परंतु पड़ोसियों को इसकी भनक लगने पर उनके द्वारा शोर मचाने से चोर भाग निकले। इसकी जानकारी होने पर कार मालिक ने रात्रि को ही इसकी सूचना डायल 112 पर दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना करने उपरांत उनकी गाड़ी को घर के प्रांगण में खड़ा किया गया। मास्टर कॉलोनी निवासी बिट्टू डोरा ने बताया कि बीती रात उनकी स्विफ्ट गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी।

### भाविप ने डॉ. कीर्ति बंसल को किया सम्मानित

**सिरसा।** भारत विकास परिषद के वरिष्ठ सदस्यों ने कीर्ति बंसल को पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर उनके निवास स्थान पर जाकर सम्मानित किया। डॉ. कीर्ति बंसल को महाराज गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा शोध प्रबंध स्मृतियों के उतार-चढ़ाव में इतिहास के बदलते रूप कैजुओ इशिगुरो के चयनित उपन्यासों का न्यू हिस्टोरीसिस्ट अध्ययन पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। साहित्य में नोबेल पुरस्कार प्राप्त कैजुओ इशिगुरो जापानी मूल के ब्रिटिश उपन्यासकार हैं। कीर्ति बंसल ने डॉ. ओपी तिवारी प्रोफेसर एवं विभाग अध्यक्ष डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, श्रीगंगानगर के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया।

---

## रतिया-टोहाना रोड पर रेहड़ियों से लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

रतिया-टोहाना रोड पर भगत सिंह चौक के पास रोजाना लगने वाले जाम के कारण वाहन चालकों के साथ-साथ शहर वासियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### वाहन चालक परेशान

आज भी इस चौक पर रेहड़ियों के जमघट के कारण लंबा जाम लग गया जो कि कई घंटे तक जाम में वाहन चालक परेशान रहे। शहर वासियों ने बताया कि कुछ समय पहले नगर पालिका सचिव द्वारा अनाज मंडी रोड व भगत सिंह चौक के आसपास लगने वाली रेहड़ियों को हटवाया गया था। अतिक्रमण हटने के बाद यह चौक अतिक्रमण मुक्त हो गया था और जाम से भी निजात मिल गई थी।

अब फिर कुछ समय से अनाज मंडी रोड, भगत सिंह चौक के आसपास काफी रेहड़ियां लगनी शुरू हो गई है। इस कारण भगत सिंह चौक के आसपास हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इस जाम के कारण रतिया से टोहाना रोड को जाने वाले वाहन चालक और अनाज मंडी व मेन बाजार में प्रवेश करने वाले वाहनों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है और कई कई घंटे लंबा जाम लगा रहता है। इससे ट्रैफिक व्यवस्था अस्त-व्यस्त होकर रह गई है। शहर वासियों ने बताया कि अगर यहां पर नगर पालिका और ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारियों द्वारा उचित कार्रवाई कर अतिक्रमण को हटाया जाए तो जाम से मुक्ति मिल सकती है।



**रतिया।** रेहड़ियों के कारण लगे जाम में फंसे हुए वाहन।

#### अतिक्रमण हटाओ अभियान चलेगा

इस बारे में जब नगर पालिका सचिव पंकज जून से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने पहले भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था लेकिन कुछ समय सरकारी कायार्ें में व्यस्त रहने के कारण उधर ध्यान नहीं हो पाया है। अब फिर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा और चौक में खड़ी हुई रेहडियो को भी हटाया जाएगा।

### सड़क किनारे खड़ी गाड़ी से डीजल चोरी

**सिरसा।** डिंग पुलिस ने हापुड़ (यूपी) के गांव वेट निवासी इरफान की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में इरफान ने बताया कि वह ड्राइवरी करता है। गत 25 जनवरी को वह बठिंडा से रांची जाने के लिए निकला। उसने अपनी गाड़ी में 342 लीटर डीजल डलवाया। जब वह गांव मोरीवाला के निकट उसकी गाड़ी में कोई गडबड़ी आ गई। जिस पर उसने गाड़ी साइड में खड़ी करके रात लगभग एक बजे उसी में सो गया। अगली सुबह 6 बजे जब वह जागा तो उसने डीजल की टैंकी का ढक्कन खुला पाया। टंकी से सारा डीजल अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## जींद रैली ने साबित किया प्रदेश बदलाव को तैयार



रतिया। कार्यकर्ताओं के साथ जींद रैली के लिए रवाना होते आप नेता दर्शन लाल हांसु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

आम आदमी पार्टी ने जींद से ऐतिहासिक बदलाव रैली कर लोकसभा चुनावों का शंखनाद कर दिया है। इस रैली में प्रदेशभर से उमड़े जनसैलाब ने साबित कर दिया है कि प्रदेश की जनता बेहतर शिक्षा, फ्री बिजली-पानी व अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर हरियाणा में भी बदलाव को तैयार बैठी है। यह बात आम आदमी पार्टी के जिला सचिव एवं रिटायर्ड चीफ इंजीनियर दर्शन लाल हांसू ने रैली की सफलता पर कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कही। इस रैली में आप नेता दर्शन लाल हांसू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के विशाल काफिले ने रतिया से जींद के लिए कूच किया। रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह नजर आया। भारी ठंड के बावजूद सुबह से ही कार्यकर्ताओं के जत्थे जींद के लिए निकले और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के हाथों को मजबूत किया। जींद रैली से लौटे आप कार्यकर्ताओं की ऐतिहासिक रैली की बधाई देते हुए आप नेता दर्शन लाल हांसू ने कहा कि आज हरियाणा में लोगों के सामने आम आदमी पार्टी एकमात्र विकल्प बची है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा बदलाव मांग रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने में नाकाम रही है। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल है। सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए टीचर नहीं है वहीं बिजली के अनाप-शनाप बिल भेजकर लोगों को लूटा जा रहा है। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब में लोगों को बेहतर सुविधाएं दी जा रही है।

---

### भाजपा नेताओं ने छात्रों के साथ सुना पीएम का कार्यक्रम

# छात्र मजबूत भारत की नींव और भविष्य : ग्रोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज छात्र वर्ग को प्रोत्साहित करने के लिए पूरे देशभर के विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा की। फतेहाबाद जिले में भाजपा के जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा के नेतृत्व में मंडल स्तर पर सरकारी स्कूलों में बड़ी स्क्रीन लगाकर प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को सुना गया। इसी कड़ी में जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा ने स्वयं राजकीय संस्कृति मॉडल ब्वॉय स्कूल रतिया में स्टाफ व स्कूली बच्चों के साथ पीएम मोदी के कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के उपरांत जिलाध्यक्ष स. बलदेव सिंह ग्रोहा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हर वर्ग के उत्थान की चिंता है। यदपि छात्र वर्ग मतदाता नहीं है, फिर भी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम राष्ट्र स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि देश के स्कूली छात्र परीक्षाओं के डर अथवा दबाव में पथभ्रमित ना हों। उन्होंने कहा कि यह छात्र मजबूत भारत की नींव और भविष्य हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों का सही मार्गदर्शन करना है, ताकि छात्र सुशिक्षित और सशक्त नागरिक बनकर देश को आगे बढ़ा सकें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह पहल पूरे विश्व में सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की इस कार्यकुशलता के देशवासी कायल है। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ से अमरजीत, गुरविंदर, सुनील, राजीव, पूजा, गुरप्रीत, मोनिका आदि उपस्थित रही।



**फतेहाबाद।** विद्यार्थियों के साथ पीएम मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को सुनते भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005